**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 23.09.2025** **समय : 1905**

- **दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुश्मान भारत के सात साल पूरे हुए। अब तक पचपन करोड़ से अधिक लोग हुए लाभान्वित।**
- **गृहमंत्री अमित भााह ने स्टार्टअप्स को नए भारत की रीढ़ बताया। स्टार्टअप सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माइन्ड टू मार्केट का मंत्र दिया।**
- **अंडमान निकोबार रोइंग संघ की टीम के लिए रजिस्ट्रेशन भाुरू। भोपाल में होने वाली राश्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप के लिए चयन चार अक्टूबर को।**
- **कैम्पबल बे में ऑप्टिकल केबल कटने से मोबाइल और इंटरनेट सेवा ठप्प। नेटवर्क सुधार के लिए प्रयास जारी।**

<><><><><><>

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना– आयुष्मान भारत के आज सात साल पूरे हो गए हैं। यह योजना दो हजार अटठारह में रांची से शुरू हुई थीं और अब तक पचपन करोड़ से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आयुष्मान भारत ने भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांति ला दी है, जिससे वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने भी सोशल मीडिया पर इस योजना की सफलता पर प्रकाश डाला, और इसे 'स्वस्थ भारत, विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार के संकल्प का प्रतीक है, जो प्रत्येक नागरिक के स्वास्थ्य की रक्षा करती है। आयुष्मान भारत विश्व की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना बन चुकी है, जिसने भारतीयों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई हैं।

<><><><><><>

भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में कल से लागू किए गए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार एक बड़ा कदम हैं। विभिन्न प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके ये सुधार लोगों को काफी राहत प्रदान करेंगे।

<><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने स्टार्टअप्स को नए भारत की रीढ़ बताया। आज गांधीनगर के महात्मा मंदिर में दो दिवसीय स्टार्टअप सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत के स्टार्टअप तंत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिससे यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप तंत्र बन गया है। भारत की युवा शक्ति पर ज़ोर देते हुए श्री शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि देश तीन वर्षों में वैश्विक नवाचार सूचकांक में शीर्ष दस में प्रवेश कर जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार रोइंग संघ चार अक्टूबर को सुबह छह बजे से सिप्पीघाट स्थित साई वॉटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चयन परीक्षण का आयोजन करेगा। यह परीक्षण द्वीप समूह की रोइंग टीम का चयन करने के लिए होगा, जो आगामी पैंतालीसवीं जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप और आठवीं इंटर स्टेट चैलेंजर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप में भाग लेगी। प्रतियोगिता चौदह से अटठारह नवम्बर तक भोपाल में आयोजित होगी। इच्छुक उम्मीदवार नौ चार तीन चार दो नौ आठ चार तीन तीन नंबर पर संपर्क कर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। चयन परीक्षण पंजीकरण की अंतिम तिथि तीन अक्टूबर, शाम पाँच बजे तक है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम मुख्यालय क्षेत्र के सभी माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा नौवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए "डिजिटल युग में हिंदी की शक्ति" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन राजभाषा विभाग के हिंदी टंकण प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके साथ ही, चौबीस सितंबर को सुबह दस बजे कक्षा ग्यारहवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए "वैश्वीकरण और हिंदी की संभावनाएं" विषय पर वाकपटुता प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

कैंपबेल बे में इक्कीस सितम्बर की शाम से बी.एस.एन.एल और एयरटेल के नेटवर्क के कार्य ना करने से आम जनजीवन ठप्प हो गया है जिससे नागरिकों को बेहद असुविधा हो रही है। नेटवर्क को सही करने के प्रयास जारी हैं और इसके लिए राजधानी श्री विजयपुरम् से इंजीनियर को बुलाया गया है। कैम्पबेल बे में आम नागरिको को यह असुविधा कार निकोबार और कमोर्टा के बीच ऑप्टिकल केबल लाइन के कट जाने के कारण हुई है।

<><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज और फोरम फॉर फास्ट जस्टिस, मुंबई के सहयोग से "न्याय तक पहुंच और कानून का शासन" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन सत्ताईस सितंबर शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक किया जाएगा। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) फैजान मुस्तफा, कुलपति, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना होंगे। यह संगोष्ठी देश में न्याय व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर चर्चा करेगी, जिसमें अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी, और अन्य कानून से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे।

**<><><><><><><>**

शिक्षा निदेशालय द्वारा मानसून बुक रीडिंग फेस्टिवल टू पाइन्ट ज़ीरों का आयोजन राज्य पुस्तकालय, श्री विजयपुरम में अटठाईस सितम्बर से छब्बीस अक्टूबर तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए है, जिनकी आयु छह से अटठारह वर्ष के बीच है। इस कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षिक और रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल की गई हैं, जैसेः नाटक प्रतियोगिता, शब्द निर्माण प्रतियोगिता, क्विज़ प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, रोज़ाना अंग्रेजी वार्तालाप अभ्यास आदि। यह पहल अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के बच्चों के बीच रचनात्मकता और साक्षरता कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है। भाग लेने वाले बच्चों को राज्य पुस्तकालय में पंजीकरण कराना होगा। अधिक जानकारी के लिए सात पांच शून्य एक चार नौ छह तीन पांच तीन या नौ चार तीन चार दो आठ पांच तीन चार शून्य पर संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**